*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में नियुक्तियों में फेरबदल

पंतनगर। 20 अगस्त, 2025। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा संकाय सदस्यों को अतिरिक्त जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इस फेरबदल में कुछ अधिकारियों को उनके वर्तमान दायित्वों से मुक्त कर दिया गया है, जबकि अन्य को नए पदभार दिए गए हैं।

मुख्य कार्मिक अधिकारी के कार्यालय आदेश के अनुसार सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के मानव विकास और पारिवारिक अध्ययन विभाग की सहायक प्राध्यापक डा. छाया शुक्ला को सह अधिष्ठाता, छात्र कल्याण तथा कृषि महाविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डा. श्रीराम को संस्थापनाधिकारी का अतिरिक्त दायित्व दिया गया है।

इसके अलावा, विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डा. ओम प्रकाश को अपर अधिष्ठाता, छात्र कल्याण तथा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री के.एस. अधिकारी को संस्थापनाधिकारी के दायित्वों से मुक्त कर दिया गया है।